MATHURA POLICE

दिनांक 02.09.2025

OPERATION CONVICTION– **थाना –वृंदावन/जैंत मथुरा।**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में मथुरा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर जबरन बलात्कार/दुष्कर्म कर हत्या कर देने के सनसनीखेज घटना में मुख्य आरोपी को मृत्युदण्ड व 3,20,000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा व श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा निरन्तर समीक्षा एवं मार्ग दर्शन दिया जा रहा था। मथुरा पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्ण विवेचना व लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से थाना जैत/वृंदावन जनपद मथुरा पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 728/2020 धारा 363/376/377/302/201 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट** में आज दिनांक 02.09.2025 को न्यायाधीश श्री ब्रजेश कुमार-द्वितीय ,माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पोक्सो कक्ष सं0-2) मथुरा द्वारा इस प्रकरण में विचरण करते हुए साक्ष्यों के आधार पर मुख्य अभियुक्त महेश उर्फ मसुआ पुत्र किशन सिंह निवासी तरौली सुमाली थाना छाता जनपद मथुरा को **मृत्युदण्ड व 3,20,000/- रूपये के अर्थदण्ड** की सजा से दण्डित किया गया।

घटना क्रमः- दिनांक 26.11.2020 को थाना जैंत/वृन्दावन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 728/2020 धारा 363/376/377/302/201 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में **अभियुक्त महेश उर्फ मसुआ पुत्र किशन सिंह निवासी तरौली सुमाली थाना छाता जनपद मथुरा** द्वारा मुकद्दमा उपरोक्त के वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाकर जबरन बलात्कार/दुष्कर्म कर हत्या कर दी। इस जघन्य अपराध में वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये गये एवं आरोप पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियोग उपरोक्त में अभियुक्त को सजा दिलाने में मथुरा पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मॉनीटरिंग सैल जनपद मथुरा

1.प्रभारी निरीक्षक श्री जगदम्बा सिंह।

2.उ0नि0 श्री ओमवीर सिंह।

3.उ0नि0 श्री सोमप्रकाश सिंह।

4.है0का0 ऋषिपाल सिंह।

5.का0 विकास कुमार।

श्री रामपाल सिंह
ADGC, मथुरा

श्री रमेश चन्द्र तिवारी
क्षेत्राधिकारी सदर, मथुरा

पैरोकार/हैड कांस्टेबल
हरिओम थाना जैंत, मथुरा